# राजकीय महाविद्यालय भोरंज, हमीरपुर

## सूचना

दिनांक: **25** अगस्त, **2026**

**विषय: 'आगाज़' समारोह के आयोजन हेतु**

सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के उपलक्ष्य में 'आगाज़—एक नई शुरुआत' नामक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 03 सितम्बर, 2026 को प्रातः 11:00 बजे किया जा रहा है।

इस समारोह में सरस्वती वंदना, नाटी, गिद्धा, भांगड़ा, हिमाचली नृत्य, एकल नृत्य, एकल गायन, समूह गान आदि विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रतियोगिताओं की झलक देखने को मिलेगी। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

जो विद्यार्थी उक्त कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं, वे दिनांक 28 अगस्त, 2026 तक संबंधित प्रतियोगिता के प्रभारी के पास अपना नाम दर्ज करवा दें। प्रतियोगितावार प्रभारियों की सूची पूर्व में जारी सूचना-पत्र में दी गई है।

**सांस्कृतिक समिति समन्वयक**
**(डॉ. आशा)**

**प्राचार्य**
**राजकीय महाविद्यालय भोरंज, हमीरपुर (हि.प्र.)**

Principal
Govt. College Bhoranj (Tarkwari)
Distt. Hamirpur (H.P.) - 177025